# हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला(कांगड़ा)-176215
# H.P. BOARD OF SCHOOL EDUCATION, DHARAMSHALA-176215

e-Tender for Sale of Obsolete Paper namely **Marked Answer Sheets, Blind Answer Sheets, Waste Card Board (Gatta),Waste Paper & Shredding Scrap Paper etc.** at H.P. Board of School Education, Dharamshala.

| | | |
|---|---|---|
| Date of Issuance and Start date of e-Tender | : | 26 August 2026 |
| Last Date for e-Tender Submission | : | 16 September 2026 |
| Opening of Technical Bids | : | 17 September 2026 |

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला(कांगड़ा)-176215
**H.P. BOARD OF SCHOOL EDUCATION, DHARAMSHALA-176215**

# निविदा की विषय सूची


| Sr. No. | Contents | Page No |
|---|---|---|
| 1 | e-Tender Notice | 01 |
| 2. | Schedule of Tender Process | 02 |
| 3. | Scope of Work and General Instructions for the Bidder | 03 |
| 4. | Detailed Instructions and Terms & Conditions Related to the e-Tender | 04-06 |
| 5. | Technical Bid (प्रपत्र 'क') | 07 |
| 6. | Declaration & Anti-Collusion Affidavit by the Bidder (प्रपत्र 'ख') | 08 |

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला(कांगड़ा)-176215
**H.P. BOARD OF SCHOOL EDUCATION, DHARAMSHALA-176215**

Ref No Hi.Shi.Bo.(7)/ Stores-1/2026- 3117 Dated: 26 August 2026

**"e-Tender Notice"**

The Himachal Pradesh Board of School Education invites online tenders through the e-procurement process from interested bidders for the sale/disposal of obsolete paper, namely **Marked Answer Sheets, Blind Answer Sheets, Waste Card Board (Gatta), Waste Paper, Shredding Scrap Paper, etc.**, on **"As is where is"** basis from the Paper Godown, Pakka Paroh, Amb, District Una and Board Headquarters, Dharamshala.

**The e-Tender will be available online from 26.08.2026 at 5:00 pm and the last date for submission of online bids is 16.09.2026. at 5:00 pm Interested bidders are requested to submit their bids online on or before 16.09.2026.**

The bidders may view the detailed tender document on the Board's website **hpbose.org** and may download and submit their bids through the Government of Himachal Pradesh e-Procurement Portal **https://hptenders.gov.in**.

**Important Dates:**

- **E-Tender Start Date:** 26.08.2026
- **Last Date for Submission of Online Bids:** 16.09.2026

Secretary

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला(कांगड़ा)-176215

**H.P. BOARD OF SCHOOL EDUCATION, DHARAMSHALA-176215**

**E-Tender Document for Sale of Obsolete Paper namely Marked Answer Sheets, Blind Answer Sheets, Waste Card Board (Gatta) ,Waste Paper& Shredding Scrap Paper etc.**

## Important Dates

| Sr. No | Event | Date |
|---|---|---|
| 1 | Date and Time for online Publication of tender on website | 26 -08-2026 5:00 p.m.<br>**www.hpbose.org**<br>**https:/hptenders.gov.in** |
| 2 | Starting Date & Time for submission of e-tender document alongwith requisite documents | 26-08-2026 5:00 p.m.<br>**https:/hptenders.gov.in** |
| 3 | Last date and Time for submission of e-tender alongwith requisite documents | 16 -09 -2026 5:00 p.m. |
| 4. | Last date and Time for submission of the original copy of Technical Bid ( प्रपत्र 'क') alongwith original DD of Tender Fee, Proof of deposit of Security Amount, self attested copy of PAN, GST registration certificate. प्रपत्र 'ख' | 17 -09-2026 12:30 p.m. |
| 5. | Date and time of opening of Technical Bid | 17 -09-2026 2:00 pm |
| 6. | Tender Fee | Tender fee of ₹1,000/- (Non- Refundable) can be deposited/acceptable only in the shape of Demand Draft issued by any of the schedule bank. The proof of Demand Draft be uploaded online with the Technical Bid and original proof of Deposit of Tender Fee to be submitted in the office of HPBOSE separately as per scheduled date and time. |
| 7. | Security Amount | Security Amount deposit of ₹ 1,20,000/- (₹One Lac Twenty Thousand only) is to be deposited in the shape of FDR issued by the any National Bank, Co-operative or scheduled Bank and pledged in favour of **Secretary, H.P Board of School Education Dharamshala**. Scanned copy of proof of deposit of Security Amount is to be uploaded online with the Technical Bid and original copy of which is to be submited on the office of HPBOSE separately as per scheduled date and time. |
| | If the day fixed for opening of the tender is declared a Government holiday, the tenders shall be opened on the next working day. | |
| | **Venue for opening of e-Tender : HP BOSE H.Q. Dharamshala** | |

Secretary

## हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला(कांगड़ा)-176215
## H.P. BOARD OF SCHOOL EDUCATION, DHARAMSHALA-176215

### Scope of Work

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला द्वारा **obsolete paper namely marked answer Sheets, blind answer Sheets, waste card board (gatta), old scrap/ waste paper & shredding scrap paper etc. जोकि पेपर गोदाम पक्का परोह अम्ब, जिला ऊना** व **बोर्ड मुख्यालय धर्मशाला** से विक्रय किया जाएगा, का ब्यौरा निम्नलिखित प्रकार से है:-

1. मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाएं (Marked Answer Sheets) -550 क्विंटल (अनुमानित भार)
2. टेप लगी मूल्यांकित उत्तरपुस्तिकाएं (Blind Answer Sheets) - 10 क्विंटल (अनुमानित भार)
3. गत्ता(अनुपयोगी पेटियों के फटे गत्ते) (Waste cardboard, Gatta) -50 क्विंटल (अनुमानित भार)
4. अनुपयोगी कागज, प्रश्न पत्र, प्रवेश पत्र, अंकसूचियां, (Scrap paper) -50 क्विंटल(अनुमानित भार) अखवार/पत्रिकाएं इत्यादि
5. अपशिष्ट कागज की श्रेडिंग की गई सामग्री(Shredding Scrap Paper)- 10 क्विंटल(अनुमानित भार)

### 1. निविदादाता हेतु सामान्य निर्देश

i) निविदादाता टैंडर प्रपत्र बोर्ड की वैबसाइट www.hpbose.org पर देख/डाउनलोड कर सकते हैं एवं वैबसाइट https://hptenders.gov.in के माध्यम से अपनी निविदाएं प्रस्तुत कर सकते है।

ii) निविदादाता के पास ऑनलाइन निविदाएं प्रस्तुत करने हेतु सूचना तकनीकी अधिनियम 2000 के तहत डिजिटल सिग्नेचर(Digital Signature) होना अनिवार्य है।

iii) **निविदा फीस**–इच्छुक निविदादाता को ₹1,000/– (₹ एक हजार मात्र) का बैंक ड्राफ्ट जोकि सचिव हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला जिला कांगड़ा के नाम देय हो, की छायाप्रति तकनीकी निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। निविदा फीस की राशि Non-refundable होगी। निविदा फीस के बिना प्राप्त निविदाएं स्वीकार्य नहीं होगीं।

iv) निविदा प्रकिया में भाग लेने के लिए ₹ 1,20,000/–(₹ एक लाख बीस हजार मात्र) की प्रतिभूति राशि एफ0 डी0 आर0 के रूप में जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक/शैडयूलड बैंक/कॉपरेटिव बैंक द्वारा कम से कम एक वर्ष के लिए जारी तथा सचिव, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के पक्ष में बंधक (Pledged) हो, जमा करवानी होगी। जिसका प्रमाण तकनीकी निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।

v) **प्रपत्र 'ख'** के अनुसार नोटरी द्वारा **सत्यापित शपथ पत्र की स्वयं सत्यापित प्रति तकनीकी निविदा के ऑनलाइन अपलोड करना अनिवार्य होगी।**

vi) निविदा फीस के मूल बैंक ड्राफ्ट, प्रतिभूति राशि की मूल एफ0डी0आर0, पैन नंबर तथा जी०एस०टी० पंजीकरण की स्वयं सत्यापित छायाप्रतियां एवं **प्रपत्र 'ख'** के अनुसार नोटरी द्वारा **सत्यापित शपथ पत्र, मिलीभगत विरोधी शपथ पत्र** की मूल प्रति तकनीकी निविदा **प्रपत्र 'क'** सहित निर्धारित तिथि एवं समय के अनुसार **भौतिक रूप से बोर्ड कार्यालय में जमा करवानी अनिवार्य होगी** अन्यथा संबधित निविदादाता की निविदा को मूल्यांकन हेतु स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा उसे निरस्त माना जाएगा।

vii) निविदा फीस तथा प्रतिभूति राशि निविदादाता द्वारा स्वयं जमा करवाई जाएगी। निविदादाता की ओर से किसी अन्य द्वारा जमा निविदा फीस, प्रतिभूति राशि स्वीकार्य नहीं होगी। इस अवस्था में निविदा को निरस्त माना जाएगा।

**निविदा की निर्देश एवं शर्तों के अनुसार वांछित दस्तावेज बोर्ड कार्यालय/तकनीकी निविदा में निर्धारित समयावधि में उपलब्ध/अपलोड न करवाने की स्थिति में निविदा स्वतः ही निरस्त मानी जाएगी।**

2. निविदा से संबधित विस्तृत निर्देश एवं शर्ते

i) ई–निविदा प्रपत्र का भली भांति अध्ययन करने के उपरान्त वित्तीय दरें (Financial Bid) मदवार निर्धारित BOQ Excel Sheet फॉरमेट पर ऑनलाईन प्रस्तुत करनी होंगी और यह दरें Item Wise रहेगी।

ii) ऑनलाईन प्रस्तुत की गई निविदा की दरें ही मूल्यांकन हेतु मान्य होंगी। अन्य किसी भी माध्यम से प्रस्तुत की गई दरें मान्य नहीं होंगी। तकनीकी निविदा में **वित्तीय निविदा या दरों का उल्लेख** पाए जाने पर निविदादाता को तकनीकी निविदा के मूल्यांकन में असफल घोषित किया जाएगा।

iii) तकनीकी निविदा प्रपत्र 'क' को निविदादाता द्वारा ऑनलाईन अपलोड किया जाना अनिवार्य है। तकनीकी निविदा में अपलोड किए जाने वाले समस्त दस्तावेज (**निविदा फीस के बैंक ड्राफ्ट, प्रतिभूति राशि की एफ0 डी0 आर0 को छोड़कर**) निविदादाता द्वारा स्वयं सत्यापित (Self Attested) होने चाहिए **अन्यथा यह दस्तावेज स्वीकार्य नहीं होंगे**। इसके अतिरिक्त तकनीकी निविदा में प्रस्तुत दस्तावेजों की वैद्यता के लिए निविदाता स्वयं उत्तरदायी होगा। यदि कोई सूचना/दस्तावेज असत्य अथवा अपूर्ण पाई जाती है, तो उसके लिए निविदादाता स्वयं उत्तरदायी होगा और उसका नाम काली सूची में सम्मिलित कर दिया जाएगा।

iv) सम्पूर्ण कार्य हेतु एक निविदादाता की एक ही निविदा मान्य होगी, अर्थात एक निविदादाता दो निविदाएं प्रस्तुत नहीं करेगा।

v) कार्य आवंटन का अधिकार बोर्ड के पास सुरक्षित होगा। इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का प्रतिवेदन स्वीकार्य/विचार योग्य नहीं होगा।

3. तकनीकीनिविदा के साथ लगाये जाने वाले दस्तावेजः–

i) सर्वप्रथम **प्रपत्र क** की हस्ताक्षरित प्रति (मोहर सहित) तकनीकी निविदा में अपलोड/संलग्न करना अनिवार्य है।

ii) आयकर पैन कार्ड की स्वयं सत्यापित छायाप्रति, जिसमें स्थायी आयकर खाता संख्या का उल्लेख पठनीय हो, साथ में अपलोड/संलग्न करें। यदि निविदादाता साझेदारी फर्म या कम्पनी हो उस अवस्था में फर्म तथा कम्पनी के पक्ष में जारी PAN लगाना अनिवार्य होगा, ऐसी स्थिति में व्यक्तिगत PAN मान्य नहीं होगा।

iii) GSTIN (Goods and Services Tax Identification Number) पंजीकरण प्रमाण पत्र की स्वयं सत्यापित छायाप्रति अपलोड/संलग्न करें।

iv) निविदा फीस के बैंक ड्राफ्ट की स्कैन प्रति ई-निविदा में अपलोड करने के अतिरिक्त मूल प्रति तकनीकी निविदा प्रपत्र के साथ भौतिक रूप से जमा करवाना भी अनिवार्य होगा अन्यथा तकनीकी निविदा के मूल्यांकन के दौरान निविदादाता को असफल घोषित किया जाएगा।

v) प्रतिभूति राशि की स्कैन प्रति ई-निविदा में अपलोड करने के अतिरिक्त मूल प्रति तकनीकी निविदा के प्रपत्र के भौतिक रूप से कार्यालय में जमा करवाना भी अनिवार्य होगी अन्यथा तकनीकी निविदा के मूल्यांकन के दौरान निविदादाता को असफल घोषित किया जाएगा।

vi) यदि निविदादाता साझेदारी फर्म हो तो उस अवस्था में उनको Partnership Deed जोकि Partnerhip Act 1932 एवं समय-समय पर हुए संशोधनों के अन्तर्गत जारी की गई हो, अपलोड/संलग्न करनी होगी।

vii) अगर निविदादाता Public Ltd/Pvt Ltd Companyके तौर पर भाग ले रही हो तो इस अवस्था में उन्हें Company Act 1956 एवं समय-समय पर हुए संशोधनों के अन्तर्गत जारी Memorandum of Association/Article ofAssociation की प्रति अपलोड/संलग्न करना अनिवार्य होगा।

viii) निविदादाता को प्रपत्र ख के अनुसार नोटरी द्वारा **सत्यापित शपथ पत्र, मिलीभगत विरोधी शपथ पत्र** की स्कैन प्रति तकनीकी निविदा में अपलोड करने के अतिरिक्त **सत्यापित शपथ पत्र, मिलीभगत विरोधी शपथ पत्र** की मूल प्रति अन्य वांछित दस्तावजों सहित कार्यालय में भौतिक रूप से जमा करवानी होगी।

4. विंत्तीय निविदा की नियम एवं शर्ते :–

i) वित्तीय निविदाएं केवल उन्हीं निविदादाताओं की खोली जाएगी जो निविदादाता तकनीकी निविदा में सफल होंगे।

ii) वित्तीय निविदाएं ऑनलाइन निर्धारित BOQ Excel Sheet फॉरमेट पर ऑनलाईन प्रस्तुत करनी होगी और यह दरें मद वार (Item wise) रहेंगी।

iii) ऑनलाइन BOQ Excel Sheet फॉरमेट पर प्रस्तुत वित्तीय निविदाओं को तकनीकी निविदा के मूल्यांकन उपरान्त खोला जाएगा।

iv) BOQ में जिस फर्म की दरें जिस मद / मदों में अधिकतम होगी उसे उस मद / मदों हेतु सफल उच्चतम निविदादाता (H1) घोषित किया जाएगा।

v) BOQ में उद्धरित / दर्शाई जाने वाली दरें **(GST)** रहित होगी।

vi) **मूल्यांकन प्रक्रिया उपरान्त H1 दरों का अन्तिम अनुमोदन सक्षम प्राधिकारी द्वारा होगा।**

vii) BOQ में रद्दी विक्रय हेतु दर्शाई जाने वाली दरें प्रति क्विंटल के आधार पर होगी।

5. मूल्यांकन प्रक्रिया:-

i) सक्षम प्राधिकारी द्वारा गठित समिति सर्वप्रथम निविदाओं का मूल्यांकन निविदा में अपलोड दस्तावेजों अनुसार एवं निविदा की नियम व शर्तो के अनुसार करेगी। गठित समिति द्वारा ई–निविदा प्रणाली के अनुसार तकनीकी निविदा में अपलोड दस्तावेजों और भौतिक रूप से जमा करवाए गए दस्तावेजों का आपस में मिलान एवं मूल्यांकन किया जाएगा।

ii) केवल तकनीकी निविदा में घोषित सफल निविदादाता की वित्तीय निविदा खोली जाएगी एवं वित्तीय निविदा में उद्धरित / दर्शाई दरों का मद वार (item- wise) मूल्यांकन किया जाएगा तथा जिस निविदादाता की दरें जिस मद / मदों में उच्चतम होगी, उसे ही उस मद / मदों में H1 घोषित किया जाएगा।

6. रद्दी जहां व जिस हालत में पड़ी है, के आधार पर विक्रय की जाएगी। थैलियों में पड़ी रद्दी थैलियों सहित विक्रय की जाएगी।

7. सफल उच्चत्तम निविदादाता (H1) को कार्यालय से रद्दी के विक्रय हेतु ई– मेल/पत्र द्वारा सूचित करने के उपरान्त पांच से सात दिनों के भीतर रद्दी को उठाना होगा। कार्यालय को होने वाली किसी भी अतिरिक्त वित्तीय हानि की वसूली भी सफल निविदादाता से की जा सकगी।

8. रद्दी की तुलाई, सचिव, हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा गठित कमेटी के सामने की जाएगी।

9. रद्दी की पैकिंग, तुलाई व गाड़ी तक ढुलाई इत्यादि का खर्चा सफल उच्चतम निविदादाता(H1) को स्वयं वहन करना होगा। इस कार्यालय द्वारा इस संबन्ध में कोई अग्रिम राशि / धन राशि उपलब्ध नही करवाई जाएगी।

10. निविदा से संबधित किसी भी संशोधन / शुद्धिपत्र (Corrigendum) को केवल बोर्ड की वेबसाइट एवं ई.टेंडर पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा। अलग से सूचना देना आवश्यक नहीं होगा।

11. अंतिम देय राशि की गणना उद्धरित दरों के अतिरिक्त, उस समय पर लागू GST (जी० एस० टी०) दरों के अनुसार देय की जाएगी।

12. सफल उच्चतम निविदादाता(H1) को निश्चित अवधि में सारी रद्दी उठानी होगी, अवधि निर्धारण का पूरा अधिकार सचिव हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड का होगा।

13. रद्दी की तुलाई, पैकिंग व उठाई इत्यादि का कार्य केवल कार्यालय समय प्रातः10 बजे से सायं5 बजे तक ही किया जाएगा। जिस दिन बोर्ड कार्यालय में अवकाश होगा उस दिन कोई भी कार्य नहीं किया जाएगा।

14. सफल उच्चत्तम निविदादाता (H1) को वाहनों, मजदूरों व (Electronic scale) इलैक्ट्रोनिक कण्डे इत्यादि का प्रबन्ध स्वयं करना होगा इस कार्य हेतु बोर्ड कार्यालय द्वारा न तो वाहन और न ही श्रमिक उपलब्ध करवाए जाएंगे।

15. यदि सफल निविदादाता निर्धारित समयानुसार कार्य पूरा नहीं करता है या गलत दस्तावेज प्रस्तुत करता है तो उस फर्म को निविदाओं से प्रतिबंधित Blacklisting किया जाएगा

16. सफल उच्चत्तम निविदादाता (H1) बोर्ड के सक्षम अधिकारी द्वारा दिए गए आदेशों का पालन करने के लिए बाध्य होगा।

17. यदि सफल उच्चतम निविदादाता (H1) निर्धारित अवधि में रद्‌दी उठाने में विलम्ब अथवा असमर्थ रहता है तो सक्षम प्राधिकारी द्वारा उसकी प्रतिभूति राशि जब्त कर ली जाएगी तथा ऐसी स्थिति में यदि **H2** निविदाप्रदाता **H1** सफल निविदादाता की दरों पर कार्य हेतु अपनी लिखित एवं बिना शर्त सहमति प्रकट करता है तो इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन उपरान्त स्वीकार्य माना जाएगा। ऐसी स्थिति में **H2** निविदादाता को कार्य हेतु आदेश देने से पूर्व निर्धारित प्रतिभूति राशि को बोर्ड कार्यालय में जमा करवाना होगा। यदि **H2** निविदादाता भी रद्‌दी उठाने में असमर्थ रहता है तो निविदायें पुनः आमंत्रित की जाएगी।

18. हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा गठित समिति सफल उच्चतम निविदादाता(H1) से मोल भाव का अधिकार रखती है।

19. **Negotation** केवल सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से और लागू वित्तीय नियमों के अनुसार ही की जाएगी।

20. माननीय अध्यक्ष महोदय बोर्ड के हित में, यदि उपयुक्त समझे तो बिना कोई कारण बताए, आवश्यकता अनुसार उच्चतम निविदादाता (**H1**) अथवा अन्य किसी भी निविदादाता (**H2, H3, H4**) इत्यादि निविदादाताओं) के साथ दरों, शर्तों एवं अन्य संबंधित विषयों पर वार्ता (**Negotiation**) करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रखते हैं। वार्ता के उपरांत प्राप्त परिणाम के आधार पर निर्णय लेना अथवा किसी भी निविदादाता से कार्य करवाना पूर्णतः बोर्ड के विवेकाधिकार पर निर्भर होगा।

21. किसी निविदा या सभी निविदाओं को बिना कारण बताए अस्वीकार करने का अधिकार सचिव, हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड के पास सुरक्षित रहेगा।

22. जिन विषयों के बारे में उपरोक्त निबन्धन व शर्तों में कोई प्रावधान नहीं है, उनके बारे में निर्णय हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड में लागू नियमों या सक्षम अधिकारी द्वारा पारित आदेशों के अनुसार किया जाएगा।

23. किसी बात पर असहमति होने पर अन्तिम निर्णय का अधिकार माननीय अध्यक्ष, हि० प्र० स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला का होगा तथा वह सभी पक्षकारों को स्वीकार्य होगा।

24. किसी प्रकार के न्यायिक मामलों के लिये माननीय न्यायालय का अधिकार क्षेत्र जिला कांगडा स्थित धर्मशाला में ही मान्य होगा।

25. अनुमोदित दरें अधिसूचित/सूचित किए जाने की तिथि से एक साल तक मान्य होगी। कार्यालय द्वारा सक्षम अधिकारी की अनुमति से H1 के पक्ष में स्वीकृत/अधिसूचित दरों को एक वर्ष की अवधि पूर्ण उपरान्त आगामी निविदा प्रकिया पूर्ण होने तक की अवधि के लिए बढौतरी की जा सकती है।

26. सफल उच्चतम निविदादाता (H1) द्वारा कार्यालय में जमा की गई प्रतिभूति राशि को सचिव, हि0 प्र0 स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा प्रदान की गई संतोषजनक सेंवाओं के आधार पर मुक्त किया जाएगा।

सचिव

प्रपत्र 'क'
(Original copy to be placed inside Technical Bid envelope)

# हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड, धर्मशाला(कांगड़ा)–176215
# H.P. BOARD OF SCHOOL EDUCATION, DHARAMSHALA-176215

तकनीकी निविदा
(रद्दी के विक्रय हेतु)

1. निविदादाता का नाम :
2. निविदादाता का पता :
3. पैन नंबर (स्वयं सत्यापित प्रति संलग्न करें) :
4. जी० एस० टी० पंजीकरण संख्या (स्वयं सत्यापित प्रति संलग्न करें) :
5. Copy of Partnership Deed as per Terms & Conditions of Tender (If applicable). :
6. Copy of memorandum of Association/ Article of Association as perTerms & Conditions of Tender(If applicable). :
7. दूरभाष नम्बर कार्यालय ____________ मोबाईल नम्बर ____________
8. ई–मेल (यदि कोई हो) ____________
9. निविदा फीस का विवरण
   a) बैंक ड्राफ्ट न0 ____________
   b) दिनांक: ____________
   c) धनराशि ₹ 1,000/-
   d) जारीकर्ता बैंक एवं शाखा का नाम ____________
10. प्रतिभूति राशिः **₹ 1,20,000/-** (₹ एक लाख बीस हजार केवल)
   a) एफ0 डी0 आर0 न0 ____________
   b) दिनांक: ____________
   c) जारीकर्ता बैंक एवं शाखा का नाम ____________
11. प्रपत्र 'ख' के अनुसार शपथ पत्र व **Anti-Collusion Affidavit** की मूल प्रति।

मैं, घोषणा करता/करती हूं कि मुझे/हमें निविदा में दिए गए नियम व शर्तें स्वीकार है। अपेक्षित दस्तावेज/प्रमाण पत्र संलग्न कर दिए गये हैं। उपरोक्त समस्त सूचना पूर्णतयाः सत्य है। इससे सम्बन्धित कोई भी सूचनाएं छिपाई नहीं गयी हैं। यदि कोई सूचना असत्य अथवा अपूर्ण पायी जाती है तो उसके लिये मैं/हम स्वयं उत्तरदायी रहूंगा/रहूंगी।

दिनांकः 2026

निविदादाता के हस्ताक्षर
नाम......................
संस्था की मोहर

प्रपत्र 'ख'

(Original copy to be placed inside Technical Bid envelope)

**DECLARATION BY BIDDER**

**(Affidavit duly attested by the Notary Public to be submitted on stamp paper of ₹ 100/-)**

To

The Secretary
H.P Board of School Education,
Dharamshala.

Sir,

In reference to the Technical bid document for Sale of Obsolete Paper namely **Marked Answer Sheets, Blind Answer Sheets, Waste Card Board (Gatta),Waste Paper & Shredding Scrap Paper etc,** I/We do hereby declare that I/We/am/are proprietor /partner /director of the business concern/company.

That, I/We_______________________do hereby declare that I/We have read and understood the terms and conditions of the Tender and further declare that I/we shall be abide by the terms & conditions of tender.

I/We _________________________ hereby declare that I/my business concern/firm/company have/has not been blacklisted by any Government Department/Board/ Corporation /PSU/ University, etc., nor has/have my/our performance security/security amount/EMD been forfeited, as the case may be, or my/our business concern/firm/company been debarred. No FIR has been registered against me/us or my/our business concern/firm/company, and no such action is pending or in progress against me/us or my/our business concern/firm/company. Further, no court case is pending before any Hon'ble Court which may have any bearing on the subject matter of the aforesaid tender.

In case above information/declaration given by me/us is found to be incorrect at any stage, the H.P. Board of School Education, Dharamshala has right to take legal action against me/us beside penalty, if any, including forfeiture of performance amount.

## Anti-Collusion Affidavit

I/ We __________________ undertake that, in competing for (and, if the award is made to us) in executing the above contract, I / we will strictly observe the laws against fraud and corruption in force in India namely "Prevention of Corruption Act 1988".

I / We_________________hereby certify and confirm that in the preparation and submission of our Proposal, I / we have not acted in concert or in collusion with any other Bidder or other person(s) and also not done any act, deed or thing which is or could be regarded as anti-competitive.

I / We ____________________ further confirm that we have neither proposed nor will propose any illegal gratification in cash or kind to any person or agency in connection with the instant Proposal.

Place: …………..

Signature of
Proprietor/Director/Partner
with Stamp and Date

**VERIFICATIONS**

I/We ________________________________________do hereby verify that the contents of the declaration made by me/us are correct and true to the best of my knowledge and nothing has been concealed therein. Hence, I/we have verified and signed on the ________day of_____at___________.

Signature of
Proprietor/Director/Partner
with Stamp and Date